tyle='mso-ansi-font-weight:normal'>

Title: Request the government to include the middle class people in Ayushman Bharat Yojana.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद । 1 अप्रैल, 2018 को देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने 'आयुष्मान भारत योजना' इस देश में लाँच की । इस देश का आम आदमी जो चिकित्सा के अभाव में इधर-उधर परेशान होता था या मर जाता था, उसको एक बहुत बड़ा संबल उस योजना से प्राप्त हुआ । उसमें लगभग दस करोड़ परिवारों और 50 करोड़ लोगों को इस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो दूसरे लोग बच गए हैं, जो गरीब हैं, इस श्रेणी में नहीं आते, लेकिन वे अत्यंत गरीब हैं, मध्यम वर्ग के हैं । निजी कम्पनियाँ जो हेल्थ इंश्योरेंस करती हैं, उनका बहुत ज्यादा प्रिमियम होता है और उनकी प्रक्रिया बहुत जटिल होती है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से माँग है कि उन लोगों के लिए भी, अपनी इच्छा के अनुरूप वह अपना प्रिमियम दे दें और सरकार की इस योजना का लाभ उन गरीब लोगों को मिल जाए, मध्यम वर्ग के लोगों को मिल जाए । मेरी आपके माध्यम से सरकार से यही माँग है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : *m02श्री दुष्यंत सिंह को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर – उपस्थित नहीं ।

श्री संतोख सिंह चौधरी ।